## संक्षिप्त

### प्रभुलाल सैनी को मातृशोक

**देवली, (निसं)।** प्रदेश भाजपा के पूर्व कृषि मंत्री व पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल सैनी की माता लाली देवी का सोमवार रात को 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार सैनी की माता लाली देवी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। जिन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली और देवलोकगमन हो गई। लाली देवी के चार पुत्र पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, कैलाश सैनी, रमेश सैनी, गोवर्धन सैनी है। डॉ. सैनी इनमें सबसे बड़े पुत्र है जबकि लाली देवी के दो पुत्रियां मोत्या व कैलाशी भी है। इसके अलावा लाली देवी अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। लाली देवी के निधन से आंवा समेत देवली उपखंड क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर फैल गई है। स्वर्गीय लाली देवी की अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे आवा स्थित आवास से मोक्षधाम के लिए रवाना हुई। स्वर्गीय लाली देवी के अंतिम संस्कार में भाजपा नेता अपूर्ण विधायक अजीत मेहता, सतीश चंदेल समेत आसपास के सैकडों जनप्रतिनिधि व शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हुए।


स्वर्गीय लाली देवी

### पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**मनोहरपुर, (निसं)।** शाहपुरा बाबा गंगा दास महिला महाविद्यालय में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने जन्मदिवस को खास बनाने पर पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं पेड़ को गोद लेकर रखरखाव की जिम्मेदारी ली। मंगलवार को महाविद्यालय पर प्राचार्य नरेश कुमार मीणा के मुख्य आतिथ्य में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य नरेश कुमार मीणा, डॉक्टर लतिका पांडे, डॉक्टर पुष्पा अग्रवाल, हेमंत चतुर्वेदी, डॉक्टर भानाराम जाट, अर्जुन लाल जाट, डॉक्टर राकेश कपूरिया, डॉक्टर ज्योत्स्ना, डॉक्टर राजेश बेनीवाल, डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा, सत्यनारायण गुप्ता आदि संकाय सदस्य एंव महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

### प्रतिभावानों को किया सम्मानित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय भुतेश्वर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव, प्रतिभावान छात्र व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन सीबीईओ भागीरथ मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता राजकीय सरदार विधालय की प्रधानाचार्या मनोरमा यादव ने की। इस दौरान प्रतिभावान विधार्थियों समेत भामाशाह बिड़दीचंद सैनी व प्रहलाद सैनी एवं एसएमसी कमेटी सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। शाला प्रधान सुनीता यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रजापति समाज का विवाह सम्मेलन आज

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी मन्दिर परिसर की श्री ब्रह्मा प्रजापति समाज की धर्मशाला में प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति के तत्वावधान में आयोजित समाज का दशम् विवाह सम्मेलन संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हुकमाराम प्रजापति ने बताया कि उक्त सम्मेलन के लिए समाज के 26 जोड़ों का पंजीकरण किया है। जिनका बुधवार को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रजापति समाज के हजारों महानुभावों के समक्ष विवाह सम्पन्न करवाया जायेगा।

### डी.एस.पी. जितेन्द्र सिंह को बधाई दी

**टोंक, (निसं)।** रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण का पुलिस निरीक्षक से पुलिस उप-अधीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

### कलेक्टर से की शिष्टाचार भेंट

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल से मंगलवार को युवा नेता जयसिंह पायला व दीपक गुर्जर ने शिष्टाचार भेंट की। पायला व गुर्जर ने जिला कलेक्टर का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान बाबूलाल छेपट समेत अन्य मौजूद रहे।

# शहीद के नाम पर गोविंदपुरा में खुलेगा पी.एच.सी. : भजनलाल शर्मा

- शाहपुरा के गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण समारोह

**जयपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा एवं सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने अपने पहले बजट में किसानों को देय सम्मान निधि की राशि 2 हजार रूपए बढ़ाकर 8 हजार करने एवं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 125 रूपए का अतिरिक्त बोनस देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को शाहपुरा के गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शहीद लांबा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इस बेटे को देश हमेशा याद रखेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके बलिदान की कीमत नहीं आंकी जा सकती है। वे देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति का अनावरण एवं पट्टी का भी लोकार्पण किया।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के विचार को केन्द्र में रखकर कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को भरपूर राहत प्रदान कर रही है। हमारी सरकार प्रदेश की महिलाओं को 450 रूपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाकर आर्थिक राहत पहुंचा रही है साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को गैंगवार से मुक्त करने की दिशा में राज्य सरकार सख्त कदम उठा रही है। इस संबंध में एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित की गई है एवं जेलों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है कि वे दिन-रात देश की सीमाओं पर मुस्तैद रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उनके त्याग एवं समर्पण और मातृभूमि की रक्षा करने वाली भावना से आज के युवा प्रेरणा लें। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सीआरपीएफ महानिरीक्षक विक्रम सहगल सहित वीरांगनाओं और उनके परिजन तथा आमजन समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने वीरांगनाओं को शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाहपुरा के गोविंदपुरा ( बासड़ी ) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति का अनावरण किया।

### अविनाश गहलोत का दौसा में स्वागत

**दौसा, (निसं)।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने दौसा जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि स्कॉलरशिप घोटाले को लेकर उनके विभाग द्वारा कई संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है एवं आगे भी अनियमित पाए जाने पर कार्रवाई जारी रहेगी। मंत्री गहलोत ने कहा कि स्कॉलरशिप घोटाले के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को दौसा जिले के दौरे पर रहे। जहां कलेक्ट्रेट चौराहे पर सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल और युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री गहलोत ने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। जहां सिद्धपीठ के महंत नरेश पुरी महाराज ने उनका स्वागत कर मंगल दर्शन कराए। इसके बाद मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं क्षेत्र के बारे में चर्चा की गई।


प्यार का दिन यानि 'वेलेंटाइन-डे' सिर्फ इंसान ही नहीं पक्षी भी मनाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को आमेर की पहाड़ियों में दिखा। यहां एक मोर पंख फैलाकर मोरनियों के सामने नृत्य करके उन्हें रिझाता नजर आया, मानो कह रहा हो, ''प्रिय! ये नाच और ये दिन दोनों सिर्फ तुम्हारे लिए है। मोर के इस नृत्य प्रेम को देखकर ऐसा लगा कि जैसे 'वेलेंटाइन डे' अब मनुष्य ही नहीं पंछी भी मनाने लगे है। : दिनेश भारद्वाज

## दिव्यांगों की पेंशन राशि तीन हजार, आरक्षण 10 फीसदी करने की मांग

- 11 सूत्रीय मांगों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित, सौंपा ज्ञापन

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय विकलांग मंच शाखा राजस्थान विकलांग मंच इकाई टोंक दिव्यांगों की 11 सूत्रीय मांगों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को गांधी पार्क में बैठक आयोजित की गई। तत्पश्चात रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कार्यवाहक एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष राजेश दाधीच, उपाध्यक्ष हरिनारायण, गोवर्धन लाल जाट, मुकेश चौधरी, लेखराज महावर, देवेन्द्र कुमार महावर, विनोद लक्षकार, आशीष बैरवा, देवलाल गुर्जर, पूरणमल सैनी, सोभाग वर्मा, रमजानी एवं सुरेन्द्र सैनी आदि ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान विकलांग मंच सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहा है। वर्तमान समय में आ रही समस्या से अवगत करवाया जा रहा है, जिनका समाधान किया जावे जिससे विकलांग वर्ग को राहत प्रदान की जा सके। दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेन्शन राशि एक हजार रूपये बढ़ाकर तीन हजार रूपये, मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना में अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष की बाध्यता को हटाकर 55 वर्ष की जायें तथा एक परिवार में एक से अधिक दिव्यांग होने पर उन सभी को स्कूटी का लाभ मिलें।

दिव्यांगों का आरक्षण 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 फीसदी किया जाए ताकि लाखों शिक्षित बेरोजगार दिव्यांग लोगों की शक्ति को देश हित में काम में लिया जा सकें और रोस्टर प्रणाली लागू की जायें साथ ही राज्य में सरकारी सेवाओं में विशेष योग्यजन भर्ती अभियान चलाकर भर्ती की जावें तथा रोजगार के सुअवसर प्रदान करने की व्यवस्था की जावें, राज्य सरकार दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए बस स्टैंड, कोर्ट कचहरी विभिन्न कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर दुकानें बनाकर आवंटित की जाए, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दिया जाने वाला ऋण ब्याज मुक्त किया जावें, दिव्यांगों को बिजली, पानी, कृषि कनेक्शन भूखण्ड आवंटन व भूखण्ड की रजिस्ट्री आदि सभी प्रकार की योजना में रियायत की जावें। दिव्यांगों को बीपीएल योजना में शामिल किया जावें तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रथामिकता प्रदान की जावें।

## विधायक पटेल ने बी.डी.एम. अस्पताल का निरीक्षण किया

- व्याप्त गंदगी, बंद मशीनों समेत विभिन्न बिन्दुओं पर दिये जरूरी निर्देश

**कोटपूतली, (निसं)।** विधायक हंसराज पटेल ने मंगलवार को यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पटेल ने जहाँ अस्पताल परिसर का दौरा कर वहाँ व्याप्त गदंगी को लेकर साफ-सफाई के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

वहीं अस्पताल के विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से संवाद कर उनकी समस्यायें जानी। पटेल ने कहा कि अस्पताल में बंद पड़ी मशीनों को जल्द से जल्द शुरू किये जाने की कार्यवाही की जायें। वहीं खराब पडी मशीनों को दुरूस्त करवाने को लेकर उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भेजी जायें। इस सम्बंध में कोई भी परेशानी है तो उसके निस्तारण में हर सम्भव सहयोग करेगें। विधायक पटेल ने पीएमओ डॉ. सुमन यादव को यह भी निर्देशित किया कि ड्यूटी टाईम में अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों व अन्य स्टॉफ सदस्यों की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायें।

अस्पताल प्रबंधन मरीजों की भलाई के लिए कार्य करें, उन्हें कोई भी परेशानी नहीं होने दी जायेगी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन कर खाने की गुणवत्ता को जाँचा। इस मौके पर एडीएम योगेश कुमार डागुर व पीएमओ डॉ. सुमन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने जल भराव की समस्या पर अधिकारियों के साथ बैठक की

- सीवर लाइन एवं घरेलू कनेक्शन से संबंधित कार्य तुरंत पूर्ण करने के निर्देश दिए

**किशनगढबास/भिवाडी, (निसं)।** कांग्रेस राज में नव गठित खैरथल - तिजारा जिले के अंतर्गत आने वाले प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र भिवाडी में दूषित जल भराव की समस्या के समाधान को लेकर मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक की गई।

बैठक में खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका प्रमुख शासन सचिव उघोग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग टी रविकांत व सुश्री सलोनी खेमका मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर राजस्थान की सीमा पर स्थित खैरथल तिजारा जिले के राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र भिवाडी में हरियाणा धारुहेडा के नजदीक भिवाडी की पुरानी जल भराव की समस्या के समाधान को लेकर प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा भिवाड़ी क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों एवं घरों से निकलने वाले दूषित जल के शोधन हेतु संचालित सीईटीपी एवं एसटीपी को आदर्श रूप से संचालित करने एवं शोधित जल के उचित उपयोग एवं डिस्चार्ज हेतु सतत निगरानी किए जाने की नितांत आवश्यकता है।

प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग टी. रविकान्त ने बताया कि नगर परिषद्, भिवाडी द्वारा वर्तमान में घरेलू दूषित पानी के शोधन हेतु 9.5 एमएलडी क्षमता के 4 एसटीपी संचालित हो रहे है। प्रतिदिन 7 एमएलडी से अधिक दूषित पानी का शोधन किया जा रहा है। अमृत-2 योजना के अन्तर्गत नगर परिषद्, भिवाडी द्वारा 34 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी लगाया जाना प्रक्रियाधीन है।

जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा हनुमान मल ढाका ने बताया कि भिवाडी क्षेत्र में जल भराव का मुख्य कारण शोधित जल का उचित उपयोग नहीं हो पाना है। शोधित जल की निकासी खुली नालियों के द्वारा होने के कारण इसमें कई स्थानों पर घरों एवं फैक्ट्रियों का दूषित जल भी मिला दिया जाता है। इससे जल शोधन की पूरी प्रक्रिया ही निष्प्रभावी हो जाती है।

भिवाड़ी में जल भराव की समस्या को देखते हुए मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए की भिवाडी क्षेत्र में उपचारित औद्योगिक जल एवं सीवेज को प्राथमिकता से पुन: उपयोग में लेने के पश्चात अतिरिक्त जल को जलाशयों में छोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाये। घरेलू शोधित जल का उपयोग बागवानी, कृषि कार्यो, सडकों पर छिडड़ाव एवं भवन निर्माण आदि में सुनिश्चित किया जाये।


भिवाड़ी में जल भराव की समस्या पर मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने अधिकारियों की बैठक ली।

### अवैध शराब ले जाते एक गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा एक ट्रक में मिल्क रस्क (टोस्ट) के कार्टनों की आड़ में एक जने को चंडीगढ़ ब्रांड की अवैध शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है।

आबकारी थानाधिकारी व पेट्रोलिंग ऑफिसर नरेन्द्र सिंह सांजू ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी आयुक्त ओम प्रकाश कसेरा के आदेशों की पालना में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त राकेश शर्मा, जयपुर ग्रामीण डीईओ अनिल यादव व जयपुर उपायुक्त ईपीएफ ज्ञान प्रकाश मीणा के निर्देशानुसार एवं जयपुर ग्रामीण एईओ, ईपीएफ कैलाश चौधरी सुपरविजन में अन्य राज्य की शराब के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान सोमवार देर रात्रि में फुलेरा आबकारी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक 6 चक्का ट्रक में मिल्क रस्क (टोस्ट) के कार्टनों के नीचे छुपाकर चंडीगढ़ ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब की 405 पेटियां जप्त करते हुए ट्रक चालक अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र रामनाथ निवासी कबीरपुर पी एस निजामाबाद जिला आजमगढ़ (यूपी) को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि उक्त कार्यवाही में सिपाही सुमेर सिंह, इन्द्र सिंह व बाबू लाल (एईओ कार्यालय) का विशेष सहयोग रहा।

## सार-समाचार

### महिलाओं को रोजगार देने की मांग

**पावटा, (निसं)।** घर में रसोई, बच्चों की देखभाल से लेकर दफ्तरों में कामकाज करने वाली अधिकतर महिलाएं आने वाले बजट को लेकर काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। बढती महंगाई में परिवार को चलाने के लिए ग्राम पंचायत पापडी की महिलाओं पूजा शर्मा, सावित्री देवी, सुनीता देवी, मनोहरी देवी, अनिता देवी, रजनी देवी, शारदा देवी, कमला देवी, विमला देवी सहित अन्य महिलाओं ने रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग करते हुए कहाँ कि तमाम दावों के बावजूद पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के पास अब भी रोजगार के अवसर कम हैं। इसलिए महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाएं। वैसे तो महिला कोई प्रोफेशनल काम न करने के बावजूद चौबीस घंटे के लिए वर्किंग में रहती है। मगर मौजूदा दौर में केवल गृहिणी के रूप में रहकर परिवार का पालन पोषण करना आसान नहीं है, इसलिए सरकार ऐसी व्यवस्था करें कि 35 से 40 उम्र की गृहणी महिलाओं के लिए भी आसान प्रक्रिया से स्वरोजगार दिलाया जाए। महिलाओं के लिए लघु इकाइयां स्थापित हों, दैनिक कार्यों में निपुण महिलाओं के लिए अधिक से अधिक क्षेत्रों में लघु इकाइयां स्थापित की जाएं ताकि इनमें चार से पांच घंटे काम करके गृहिणी महिलाएं भी परिवार के लिए कुछ न कुछ इनकम जोड सके। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी और लघु उद्योगों को बढावा मिलेगा।

### किसान की करंट लगने से मौत

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड के डिडवाना गांव में सोमवार को खेत में बिजली पोल से जुड़े सपोर्ट वायर की चपेट मे आने से कृषि कार्य करते समय करंट लगने से किसान सत्यनारायण शर्मा की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बेसुध पड़े किसान सत्यनारायण शर्मा को डिडवाना सीएचसी में उपचार के लिए दाखिल करवाया जहां चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना के बाद लालसोट थाना पुलिस डिडवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर शव का मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर किसान का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार डिडवाना के पाटी वाली ढाणी निवासी किसान सत्य नारायण शर्मा अपने खेत पर सिंचाई करने के लिए गए हुए थे जहां कृषि कार्य के दौरान विद्युत लाइन के लिए लगे पोल के सपोर्ट वायर में करंट आने की वजह से किसान तार की चपेट में आ गए। करंट लगने के बाद मौके पर ही बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। कुछ समय बाद जब वहां से गुजरने वाले आसपास के लोगों ने किसान को डिडवाना सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को लगी तो परिजनों का चीख पुकार कर बुरा हाल हो गया।

### स्काउट प्रतियोगिता रैली संपन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारतीय स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सचिवालय स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर पर चल रही प्रतियोगिता रैली प्रशिक्षण एवं जांच शिविर मंगलवार को स्काउट को आम जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। रैली एवं शिविर संचालक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि 6 दिनों तक चले प्रशिक्षण एवं जांच शिविर के साथ ही प्रतियोगिता रैली में ट्रेनिंग काउंसलर्स द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सभी कार्य संपादित करवाए गए। स्थानीय संघ के सचिव अशोक तिवाडी मऊ ने बताया कि 8 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे दलों को रैली प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कमिश्नर ध्वज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊ को प्रदान किया गया। समापन के अवसर पर कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुयी रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। संघ के सचिव अशोक तिवाडी मऊ ने शिविर स्थल से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

### हंगामा के बीच 300 करोड़ का बजट पास

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर निगम की बोर्ड की बैठक में मंगलवार को खूब हंगामा हुआ। इसी बीच में करीब 300 करोड़ रुपए का बजट पास हो गया। बैठक के बीच में मेयर घनश्याम गुर्जर व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीना के बीच में जमकर बहस हुई। मंच पर ही राज्य सरकार में वन मंत्री व अलवर शहर के विधायक संजय शर्मा भी मौजूद थे। सबसे पहले पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा ने वन मंत्री को अपनी ओर ध्यान खींचने को कहा कि तो मंत्री ने जवाब दिया कि आप मेयर घनश्याम गुर्जर को संबोधित करें। मैं यहां एक विधायक के तौर पर मौजूद हूं। तब मीना ने कहा कि मेयर तो नाम के हैं। काम कुछ नहीं कर पाते हैं। इसके बाद दोनों के बीच में तीखी बहस हुई। मेयर बोले- आपके कृत्य को सब जान गए, मीना ने कहा ऐसी साजिश आपसे भी हो सकती है।

### ओमप्रकाश गुप्ता एवं रमेश जिन्दल राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

**टोंक, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की है। उन्होने अपनी पहली सूची जारी करते हुए संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान ओमप्रकाश गुप्ता एवं उपाध्यक्ष रमेश जिन्दल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया है। ओमप्रकाश गुप्ता वर्तमान में भाजपा टोंक विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम एवं अभियान प्रमुख तथा देवली संगठन के प्रभारी एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन टोंक के जिलाध्यक्ष है। वे सामाजिक एवं भाजपा राजनीति में अनेक पदों पर एवं जनप्रतिनिधि रह चुके है। रमेश जिन्दल भाजपा टोंक के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं देवली नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण पद पर रह चुके है।

### 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**उनियारा/चौरू, (निसं)।** जिला माली सैनी समाज संस्था के तत्वाधान में समाज के 30वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 14 फरवरी बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले बहुउद्देशीय भवन होम्योपैथिक कॉलेज के सामने सायपुरा सांगानेर पर होगा। अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व जयपुर शहर में अलग अलग स्थानों पर युवक-युवती परिचय सम्मेलनों का आयोजन किया गया था जिसके पश्चात तय हुए 23 जोड़े सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह बंधन में बंधेंगे। सभी जोड़ों को संस्था की ओर से नकद राशि के साथ घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान फर्नीचर इत्यादि भेंट किया जाएगा। विवाह समारोह में वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री सहित अनेक मंत्री, विधायक एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण दिए हैं।

### सी.एम. ने महावीर जैन की कुशलक्षेम पूछी

**जयपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मानसरोवर स्थित साकेत अस्पताल पहुंचकर पूर्व विधायक महावीर प्रसाद जैन की कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री ने जैन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की साथ ही मुख्यमंत्री शर्मा ने इसी अस्पताल में वरिष्ठ पत्रकार विमलेश शर्मा की धर्मपत्नी उमा शर्मा के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली।

## गो-तस्करी रोकथाम को लेकर मालपुरा पुलिस की कार्रवाई

- एक दर्जन गिरफ्तार, तीन पिकअप व आठ बाइक जब्त

**मालपुरा, (निसं)।** गोवंश-तस्करी रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशों पर एएसपी व डीवाईएसपी के निर्देशन में वृत्त क्षेत्र के तीन थानों की पुलिस ने कार्यवाही करते हुये एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर मौके से तीन पिकअप व आठ बाइक जप्त की है।

पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड के सुपरविजन में पचेवर, डिग्गी व मालपुरा थाना पुलिस की गठित विशेष टीमों ने मंगलवार को वृत्त क्षेत्र के इस्लामपुरा, प्रतापपुरा, इस्लामनगर में दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मौके पर बिना दस्तावेजों के मिली तीन संदिग्ध पिकअप गाडी सहित आठ मोटरसाईकिले जप्ती की कार्यवाही की गई। पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुये मौके से बारह लोगों को गिरफ्तार किया। थाना पुलिस द्वारा की गई ताबडतोड कार्यवाही व दबिश से खलबली मच गई। गांवों में तरह-तरह की चर्चाऐं फैल गई। पुलिस को आता देख आरोपी मकानों के कोनो में दुबक पुलिस से बचने का प्रयास किया।लेकिन डीवाईएसपी राठोड ने जाल बिछा तीन थानों की पुलिस के साथ एक के बाद एक दबिश देते हुए यह सफलता हासिल की। इसी क्रम में डिग्गी थानाधिकारी अय्युब खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ प्रधान पुत्र रामप्रसाद मीणा निवासी डुंगरीकलां को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध देशी शराब के 55 पव्वे जप्त कर मामला दर्ज किया।